संख्या–cm-52
10/02/2024

मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला (एग्रो बिहार–2024) का किया भ्रमण, ली जानकारी

पटना, 10 फरवरी 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला (एग्रो बिहार–2024) का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर कृषि के लिये उपयोगी आधुनिकतम कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी ली। इस राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला में देश के प्रमुख कृषि यंत्र निर्माताओं द्वारा आधुनिक यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है।

भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने सरकारी अनुदान प्राप्त कृषि यंत्रों के क्रय करनेवाले प्रगतिशील किसान लाभार्थियों से मुलाकात की तथा उनसे कृषि यंत्रों के उपयोग के संबंध में बातचीत की और उन्हें प्रोत्साहित किया।

भ्रमण के दौरान उप मुख्यमंत्री–सह–कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री कें प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, कृषि विभाग के सचिव श्री संजय अग्रवाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, कृषि निदेशक श्री आलोक रंजन घोष, पटना के जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******